# आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 29.03.2026 समय : 1905

**<><><><><><><>**

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा – पश्चिम एशिया की स्थिति ने भारत की ऊर्जा जरूरतों के लिए चुनौती उत्पन्न की। इस चुनौती से सफलता से बाहर निकलने का विश्वास प्रकट किया।

2. आकाशवाणी से 'मन की बात' कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने नागरिकों से अफवाहों से सतर्क रहने और केवल सरकारी सूचनाओं पर ही भरोसा करने का आग्रह किया।

3. अंडमान निकोबार द्वीपसमूह के 38 ग्राम पंचायतों और 18 जनजातीय गांवों को राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत "टीबी मुक्त" घोषित किया गया।

4. दक्षिण अंडमान जिला प्रशासन द्वारा आज "राष्ट्रीय एकता दिवस" के अवसर पर "राष्ट्रीय एकता रन" मैराथन का आयोजन किया गया।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि पश्चिम एशिया की स्थिति ने भारत की ऊर्जा जरूरतों के लिए चुनौती उत्पन्न कर दी है। आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में श्री मोदी ने कहा कि यह मुश्किल समय है। लेकिन सभी देशवासियों को एकजुट होकर इस चुनौती से बाहर निकलना है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भरोसा दिलाया कि कोविड महामारी की तरह ही देश इस मुश्किल हालात से सफलता से बाहर निकल जाएगा। उन्होंने सभी देशवासियों से अपील की कि वह जागरूक रहे, बहकावें में ना आए, सरकार की तरफ से जो निरंतर जानकारी दी जा रही है, उस पर भरोसा करें।

प्रधानमंत्री मोदी ने भारत की महान संस्कृति और विरासत को दिखाने के लिए लोगों की भागीदारी की भावना को दिखाने वाले ज्ञान भारतम सर्वे पर ज़ोर दिया। श्री मोदी ने कहा कि माई भारत, राष्ट्र–निर्माण की ज़िम्मेदारी को पूरा करने में बड़ी भूमिका निभा रहा है।

<><><><><><><>

पूरे देश के साथ द्वीप समूह में भी आज पाम संडे श्रद्धापूर्वक मनाया गया। पाम संडे, पवित्र सप्ताह की शुरुआत का प्रतीक है। पाम संडे, ईसा मसीह को सूली पर चढ़ाए जाने से पहले यरूशलेम में उनके

प्रवेश की स्मृति में मनाया जाता है। पाम संडे से ईस्टर के उत्सव आरंभ होते हैं जो गुड फ्राइडे और ईस्टर संडे तक चलते हैं। इस अवसर द्वीप समूह के विभिन्न गिरजाघरों में प्रर्थाना सभा आयोजित की गईं।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत टीबी मुक्त पंचायत पहल के तहत एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में वर्ष 2025 के लिए 38 ग्राम पंचायतों और 18 जनजातीय गांवों को "टीबी मुक्त" घोषित किया गया। 38 ग्राम पंचायतों में से 14 दक्षिण अंडमान जिले से, 22 मध्योत्तर अंडमान जिले से तथा 2 निकोबार जिले से हैं। इसके अतिरिक्त निकोबार जिले के 18 जनजातीय गांवों ने भी टीबी मुक्त का दर्जा प्राप्त किया है। यह प्रमाणन विश्व टीबी दिवस 2026 के अवसर पर संबंधित जिलों के उपायुक्तों द्वारा प्रदान किया गया। राज्य टीबी इकाई के अनुसार, यह उपलब्धि जमीनी स्तर पर मजबूत कार्यान्वयन, शीघ्र निदान, प्रभावी उपचार अनुपालन और सुदृढ़ मरीज सहायता प्रणाली का परिणाम है।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान जिला प्रशासन द्वारा आज "राष्ट्रीय एकता दिवस" के अवसर पर "राष्ट्रीय एकता रन" मैराथन का आयोजन किया गया। लड़कों की 10 किलोमीटर दौड़ सेल्युलर जेल से प्रारंभ होकर साइंस सेंटर तक गई और वापस लौटते हुए नेताजी स्टेडियम में समाप्त हुई। वहीं, लड़कियों की 5 किलोमीटर दौड़ सेल्युलर जेल से शुरू होकर सी क्लिफ होटल तक गई और वापस लौटते हुए नेताजी स्टेडियम में समाप्त हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ दक्षिण अंडमान जिला उपायुक्त पूर्वा गर्ग द्वारा किया गया। अपने संबोधन में उन्होंने प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाते हुए शारीरिक फिटनेस, अनुशासन और सामुदायिक भागीदारी के महत्व पर प्रकाश डाला। नेताजी स्टेडियम में पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया, जिसमें लड़कों एवं लड़कियों की दोनों श्रेणियों में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को पुरस्कृत किया गया। मैराथन में भाग लेने वाले सभी छात्रों को सहभागिता प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए। इस कार्यक्रम में लगभग 100 कॉलेज छात्रों ने भाग लिया।

<><><><><><><>

पयर्टन विभाग अंडमान निकोबार प्रशासन सर्फिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के सहयोग से लिटिल अंडमान में 9 से 12 अप्रैल तक सर्फिंग महोत्सव 2026 का आयोजन कर रहा है। इस अवसर पर देश विदेश के सर्फर साहसिक गतिविधियों की शौकीनों के इस महोत्सव में भाग लेने की उम्मीद है, साथ ही बड़ी संख्या

में द्वीपवासियों और पर्यटकों के भी इस महोत्सव में शामिल होने और इसे देखने की संभावना है। सूचना प्रचार एवं पर्यटन निदेशालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार पर्यटन विभाग उद्यमियों, हितधारकों और ट्रैवल एंजेन्टों को आवास की कमी हो दूर करने के लिए 8 अप्रैल से 13 अप्रैल तक निर्धारित स्थलों पर अस्थायी तम्बू आवास सुविधाएं स्थापित करने के लिए आमंत्रित करता है। विभाग ऐसे तम्बू आवास स्थापित करने के इच्छुक लोगों को आवश्यक सहायता और मार्गदर्शन प्रदान करेगा। इच्छुक लोग प्रस्तावित टेन्टों की संख्या के विवरण सहित अपने आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। आवेदन 31 मार्च तक सूचना प्रचार एवं पर्यटन निदेशक के कार्यालय में जमा किए जा सकते है।

<><><><><><><>

उद्योग निदेशालय, की ओर से द्वीपों के स्थानीय युवाओं के लिए विभिन्न कौशल विकास ट्रेडों में तीन महीने का निःशुल्क व्यावसायिक प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षण 13 अप्रैल से 12 जुलाई तक विभागीय प्रशिक्षण केन्द्र में आयोजित होगा। प्रशिक्षण के लिए दसवीं पास और वैध स्थानीय प्रमाणपत्र धारक आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए उद्योग निदेशालय के प्रशिक्षण अनुभाग से संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>